2020/00155

बाजदायरी प्रार्थना पत्र एल आर वि. पूरबा राम

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए।
	बा० दा० प्रा० सं० (2020/01155) श्री रूपक शर्मा – Adv प्रार्थी	
10-12-2020	पत्रावली मूल अपील संख्या 25/2016 मूलसिंह बनाम पूरबाराम में निर्णय दिनांक 06–09–2017 को अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किये जाने के आदेश के विरूद्व अपीलार्थी/प्रार्थी अभिभाषक ने बाजदायरी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जिस पर आज सुनवाई नियत है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जावे । प्रार्थना पत्र सम्बंधित मूल अपील 25/2016 मूलसिंह बनाम पूरबाराम, जिला नागौर के साथ प्रस्तुत हुआ । प्रार्थी/अपीलार्थी के अभिभाषक श्री ओ.एस. दवे के स्थान पर उनके प्रतिनिधि श्री रूपक शर्मा, अधिवक्ता ने प्रतिनिधित्व पत्र के साथ एक प्रार्थना पत्र बाबत् विड्रो किये जाने बाजदायरी प्रार्थना पत्र दिनांकित 24/31.10.2017 हेतु पेश किया । विड्रो प्रार्थना पत्र पर सुना गया । बहस प्रार्थना पत्र विड्रो में अधिवक्ता प्रार्थी/अपीलार्थी के प्रतिनिधि अभि0 ने कमोबेश विड्रो प्रार्थना पत्र के अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया गया कि बाजदायरी प्रकरण को प्रार्थी/अपीलार्थी आगे नहीं चलाने चाहते हैं ऐसी स्थिति में प्रकरण को इसी स्तर पर न्यायहित में विड्रो किये जाने के आदेश प्रदान किये जावें । प्रार्थी/अपीलार्थी अधिवक्ता की बहस पर मनन व पत्रावली में उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया । प्रार्थी/अपीलार्थी का विड्रो प्रार्थना पत्र वास्ते बाजदायरी प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से न्यायहित में स्वीकार किया जाता है तथा प्रार्थना पत्र बाजदायरी विड्रो के आधार पर इसी स्तर पर खारीज किया जाता है । पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो । (डॉ. वीना प्रधान) संभागीय आयुक्त, अजमेर	

Signature Not Verified

Digitally signed by Veena Pradhan
Date: 2021.01.06 12:02:37 IST
Reason: SelfAttested